विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा जी की कथा सुनने सपरिवार पहुंचे महापौर नीरज पाल, शिव पुराण में हुए लीन

भिलाई नगर/ विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिवपुराण की कथा सुनने आज महापौर नीरज पाल सपरिवार आयोजन स्थल जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में पहुंचे। उन्होंने परिवार के साथ कथा सुनी और आरती में भी शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने भी शिव पुराण का श्रवण किया। वहीं उन्होंने शिव का जाप करते हुए भिलाई वासियों के सुख और समृद्धि के लिए मनोकामना की। पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने के लिए लगातार लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल से पंडित प्रदीप मिश्रा जी का कथा वाचन हो रहा है, जिसे सुनने के लिए भिलाई सहित अन्य शहरों एवं जिलों से भी लोग भिलाई का रुख कर रहे हैं। आज पंडित मिश्रा जी के कथा वाचन का चौथा दिन है। जिसमें महापौर पहुंचकर तथा श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा का श्रवण करते रहे।